**e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**स0सं0:– 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे–01/2022**......1960...... 28

प्रेषक,

**जय सिंह,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**समाहर्त्ता,**
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद,
किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी,
सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई,
मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा।

पटना, दिनांक :– 4/8/2022

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य से संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को विधि व्यवस्था एवं अन्य कार्यों में नहीं लगाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य प्रचालित है। विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य एक कालबद्ध योजना है एवं वर्त्तमान में सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। इसके अंतर्गत प्रत्येक प्रक्रम के कार्य को पूरा करने के लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली द्वारा समय–सीमा निर्धारित है। इसके अंतर्गत प्रथम चरण में आपके जिले में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य चल रहा है। विशेष सर्वेक्षण जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य में संलग्न कर्मियों एवं पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था एवं अन्य कार्य में संबंद्ध किए जाने के कारण विशेष सर्वेक्षण का कार्य अवरूद्ध हो जाता है एवं ससमय प्रक्रमवार कार्यों यथा किस्तवार, खानापुरी एवं सुनवाई के कार्य को पूरा करने में कठिनाई होती है।

अतः अनुरोध है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य में लगे कर्मियों/पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य को छोड़कर, विधि व्यवस्था एवं अन्य कार्य में नहीं लगाया जाए ताकि विशेष सर्वेक्षण जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य को निर्धारित समय–सीमा के अन्दर सम्पादित करते हुए लक्ष्य की प्रप्ति की जा सके।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 29/7/22
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे–01/2022......1960...... **पटना, दिनांक:** 4/8/2022

**प्रतिलिपि:**–बन्दोबस्त पदाधिकारी/अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे–01/2022......1960...........पटना, दिनांकः ......5/8/2022

**प्रतिलिपिः–** सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे–01/2022......1960...........पटना, दिनांकः ...5/8/2022

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप



(61)